स्वच्छ भारत अभियान

1.1 स्वच्छता पखवाड़ा

कोयला मंत्रालय और उसके सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों ने दिनांक 16 जून, 2023 से 30 जून, 2023 तक मंत्रिमंडल सचिवालय के निदेशों के अनुसार स्वच्छता पखवाड़ा आयोजित किया। इस अभियान में कोयला मंत्रालय के तहत पीएसयू से सम्बद्ध सभी फील्ड कर्मचारियों तथा अधीनस्थ संस्थाओं के कार्यलयों द्वारा बढ़–चढ़कर भागीदारी की गई। कोयला मंत्रालय ने उन सभी में से शीर्ष 3 पीएसयू को उनके द्वारा पूरा किए गए कार्यकलापों के आधार पर सम्मानित करने के लिए एक पुरस्कार समारोह का आयोजन किया। इन कार्यकलापों में पेड़ लगाना, प्रसिद्ध सार्वजनिक स्थानों की सफाई करना, जागरूकता अभियानों का समन्वय करना, व्यावसायिक भवनों से प्लास्टिक को खत्म करना और रचनात्मक विचारों को व्यवहार में लाना शामिल है।

एनएलसीआईएल को पखवाड़े के दौरान अपने कार्यकलापों, अभिनव विचारों, अधिकतम जन भागीदारी और जागरूकता कार्यक्रमों के लिए प्रथम पुरस्कार के लिए चुना गया था।

1.2 स्वचछता ही सेवा

कोयला मंत्रालय ने दिनांक 15 सितंबर से 2 अक्टूबर 2023 की अवधि के दौरान 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान का आयोजन किया। सार्वजनिक स्थानों की सफाई, प्रभात फेरियां, रंगोली, चित्रकला प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक, क्विज प्रतियोगिता, वॉकथॉन, साइकिल रैलियों सहित विभिन्न कार्यकलाप का भी आयोजन किया गया।